# डीपीएस आजाद नगर अगले दौर में

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर में शुरू हुई दो दिवसीय केएसएस टेबल टेनिस प्रतियोगिता (जोन ए) में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्कूल और जय नारायण विद्या मंदिर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। द चिंटल्स स्कूल, पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, डीपीएस आजादनगर के खिलाड़ियों ने भी अगले दौर में जगह बनाई।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दौरान हाथ अजमाते खिलाड़ी।

प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को खेले गए बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जय नारायण विद्या मंदिर की टीम ने एलेन हाउस खलासी लाइन को 3-1 से, पं. दीनदयाल स्कूल ने एनएलके अकादमी को 3-1 से, द चिंटल्स ने मंटोरा पब्लिक स्कूल को 3-0 से, गुरु नानक मॉडर्न स्कूल ने जेएमडी वर्ल्ड को 3-2 से, डीपीएस आजाद नगर ने हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालिका वर्ग में पं. दीनदयाल उपाध्याय की टीम ने मंटोरा पब्लिक स्कूल को हराया।

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

## अपने युवा

# अपार आईडी रिकॉर्ड में सीएसजेएम विश्वविद्यालय प्रदेश में अव्वल

**रुतबा**

- पहले तीन पर कर्नाटक का कब्जा, स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड अव्वल
- प्रदेश में दूसरे पर बरेली, तीसरे पर प्रयागराज, चौथे पर अयोध्या



**78.47** लाख रिकार्ड अपलोड कर सीएसजेएम विश्वविद्यालय का देश में चौथा स्थान रहा

### ये हैं प्रदेश के टॉप 10 विश्वविद्यालय

| विश्वविद्यालय | रिकार्ड |
|---|---|
| छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर | 78,47,835 |
| महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि बरेली | 71,48,620 |
| प्रो. रज्जू भैया विवि प्रयागराज | 42,52,682 |
| डॉ. राममनोहर लोहिया विवि अयोध्या | 37,27,312 |
| चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ | 37,16,675 |
| वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर | 34,35,718 |
| महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी | 33,67,920 |
| दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि | 29,79,224 |
| डॉ. बीआर अंबेडकर विवि आगरा | 21,49,752 |
| एकेटीयू लखनऊ | 20,81,931 |

**बोले जिम्मेदार**

"डिजीलॉकर पर सभी विश्वविद्यालय को छात्रों का रिकार्ड अपलोड करने का निर्देश है। विश्वविद्यालय सभी छात्रों का नियमित रूप से रिकॉर्ड अपलोड कर रहा है। वर्तमान में कई बड़े विश्वविद्यालयों से आगे निकल गया है। प्रदेश में विश्वविद्यालय अव्वल है।

-प्रो. विनय कुमार पाठक
कुलपति-सीएसजेएमयू

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। डिजीलॉकर में अपार आईडी बनाने में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) प्रदेश में टॉप पर पहुंच गया है। जबकि, पूरे देश में विवि चौथे स्थान पर है। पहले तीन स्थानों पर कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों का कब्जा है। विवि ने 4,98,065 अपार आईडी बनाने के साथ 78,47,835 रिकार्ड अपलोड किए हैं। प्रदेश में दूसरे व देश में पांचवें स्थान पर बरेली की महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के सभी शैक्षणिक संस्थानों को अनिवार्य रूप से छात्रों की अपार आईडी जनरेट कर डिजीलॉकर में रिकॉर्ड अपलोड करने का निर्देश दिया है, जिससे छात्रों के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी राज्य विवि को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया है। इसमें सीएसजेएमयू टॉप पर है। वहीं, देश में कर्नाटक स्कूल एग्जामिनेशन एंड असेसमेंट बोर्ड पहले, डिपार्टमेंट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन दूसरे और कर्नाटक स्टेट बोर्ड तीसरे स्थान पर है। जबकि, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विवि 9वें, दिल्ली विवि 21वें, मुंबई विवि 28वें स्थान पर है।

**एचबीटीयू का 36वां, सीएसए विवि का 66वां स्थान :** डिजीलॉकर में अपार आईडी रिकार्ड अपलोड करने में एचबीटीयू को भी प्रदेश में 36वां स्थान मिला है। वहीं. चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को 66वां स्थान और उप्र वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) को 70वां स्थान मिला है।